LEARNING BY DOING थिएटर डे पर टीचर्स ने बताई एक्टिंग के जरिए लीडरशिप, कम्युनिकेशन की ट्रेनिंग

रोल प्ले से मैनेजमेंट की पढ़ाई, स्टूडेंट्स सीख रहे रियल लाइफ में डिसीजन लेना

रोल प्ले में नेगोसिएशन स्किल्स और लाइफ कोपिंग स्किल्स की प्रैक्टिस करते स्टूडेंट्स।

सिटी रिपोर्टर • इंदौर

मैनेजमेंट पढ़ाई में अब 'लर्निंग बाय डूइंग' पर जोर बढ़ रहा है। शिक्षकों के मुताबिक सिर्फ थ्योरी से नहीं, बल्कि अनुभव से असली समझ बनती है। इसी कारण सिमुलेशन यानी रोल प्ले एक असरदार तरीका बन गया है, जहां स्टूडेंट्स क्लासरूम में ही कॉर्पोरेट जैसी स्थितियों को जीते हैं। इसका उपयोग ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर, कम्युनिकेशन, लीडरशिप और स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट जैसे विषयों में किया जाता है।

चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का अभ्यास

यह अभ्यास खासतौर पर एमबीए के पहले और दूसरे साल में कराया जाता है। पहले साल में बेसिक्स जैसे कम्युनिकेशन और टीमवर्क सिखाया जाता है, जबकि दूसरे साल में स्टूडेंट्स को असली मैनेजमेंट स्थितियों से रूबरू कराया जाता है। इनमें बॉस-कर्मचारी टकराव, ग्राहक शिकायत, टीम इश्यू, संकट या नैतिक दुविधा जैसी सिचुएशंस शामिल होती हैं।

इस तरह होती है प्रैक्टिस

रोल प्ले में पहले सिचुएशन तय होती है, फिर स्टूडेंट्स को अलग-अलग रोल दिए जाते हैं। थोड़ी तैयारी के बाद वे 5 से 15 मिनट तक एक्ट करते हैं। अंत में चर्चा के जरिए यह समझा जाता है कि क्या सही हुआ और क्या बेहतर किया जा सकता है।

यह स्किल होती है डेवलप

- दबाव में शांत रहकर काम करना
- इमोशनल इंटेलिजेंस, लोगों को समझना
- साफ और प्रभावी कम्युनिकेशन
- नेगोसिएशन और बातचीत की कला
- टीम को संभालना और लीडरशिप दिखाना
- विवाद सुलझाने की समझ
- सही-गलत में फैसला लेने की क्षमता
- आत्मविश्वास में बढ़ोतरी
- कॉर्पोरेट सिचुएशन के लिए तैयारी

मुख्य टॉपिक, सिचुएशंस

- मैनेजर बनाम कर्मचारी परफॉर्मेंस रिव्यू
- मुश्किल ग्राहक से बातचीत
- टीम में विवाद और उसका समाधान
- अचानक आया संकट या नुकसान
- सोशल मीडिया पर नेगेटिव प्रतिक्रिया
- छंटनी या डाउनसाइजिंग की स्थिति
- लीडरशिप चैलेंज और टीम मोटिवेशन

एक्सपर्ट

NMIMS के प्रोग्राम चेयरपर्सन डॉ. निरंजन शास्त्री, सिंबायोसिस यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. चारुल जैन, प्रोफिसर, आईएमए के चेयरमैन सीए नवीन खंडेलवाल, आईआईएम के निदेशक प्रो. हिमांशु राय।

Publication: Dainik Bhaskar (City Bhaskar)

Edition: Indore

Through role play, management students are developing practical decision-making skills for real-world situations.